राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–81/2026

बिहार लोक भवन ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से कुलपतियों के अवकाश स्वीकृति की नई व्यवस्था लागू किया

पटना 15 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) द्वारा कुलपतियों का अवकाश अब समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्वीकृत किया जा रहा है। इस संबंध में सभी कुलपतियों को निदेशित किया गया है कि वे किसी भी प्रकार के अवकाश हेतु अपना आवेदन इसी पोर्टल के माध्यम से समर्पित करें। साथ ही, सेमिनार, सम्मेलन आदि में भाग लेने के लिए प्राप्त कर्त्तव्य अवकाश से लौटने के उपरांत संबंधित पी०पी०टी०, प्रतिवेदन अथवा अन्य आवश्यक जानकारियाँ भी इसी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि बिहार लोक भवन की पहल पर कुलपतियों के अवकाश संबंधी मॉड्यूल को 'समर्थ पोर्टल' में शामिल किया गया है। इससे अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं सुगम होगी तथा ऑफलाइन स्वीकृति से जुड़ी औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

....